नाटक के माध्यम से बताया खनन क्षेत्र में सुरक्षा के महत

हिन्दुस्तान जिंक रामपुरा-आगूंचा खदान में मनाया खान सुरक्षा सप्ताह

न्यूज सर्विस/नवज्योति, गुलाबपुरा

रामपुरा-आगूंचा खदान में शुक्रवार को 38वें खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन उत्साह से किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने नाटक के माध्यम से खनन क्षेत्र में सुरक्षा का महत्व बताया।

कार्यक्रम में निरीक्षण दल के संयोजक पितांबर साहू, निरीक्षण दल के सदस्य अमर अनिरुद्धन, प्रियंकर पांडे, रामपुरा-आगूंचा माइंस के आईबीयू सीईओ किशोर कुमार एस, यूनिट हैड सचिन देशमुख, हिन्दुस्तान जिंक के सेफ्टी हैड विजय कुमार गोयल, श्रमिक संघ के महामंत्री एम.के. सोनी और खान प्रबंधक बसंत किशोर महंता मौजूद थे। कार्यक्रम में सुरक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जिसमें खनन क्षेत्र में उपयोग होने वाले विद्युत सुरक्षा उपकरण, बचाव उपकरण, और जिंक विद्यालय के छात्रों, व्यावसायिक भागीदारों और अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर और स्लोगन प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं सभी उपस्थित

गुलाबपुरा। हिंदुस्तान जिंक में खान सुरक्षा सप्ताह में उपस्थित निरीक्षण दल। -प्रदीप

लोगों ने सुरक्षा शपथ ली। रामपुरा-आगूंचा माइंस के खान प्रबंधक बसंत किशोर महंता ने प्रबंधक रिपोर्ट प्रस्तुत की और खदान में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद श्रमिक संघ के महामंत्री एम.के. सोनी ने अपने विचार साझा किए।

जिंक विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें खनन क्षेत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। नाटक के दौरान पीपीई पहनने, खदान परिसर के भीतर और बाहर मोबाइल फोन का उपयोग न करने, और सुरक्षा उपायों का पालन करने जैसे विषयों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए छात्रों को आईबीयू सीईओ किशोर कुमार एस और निरीक्षण दल द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद यूनिट हेड सचिन देशमुख और हिन्दुस्तान जिंक के सुरक्षा प्रमुख विजय कुमार गोयल ने अपने संबोधन में सुरक्षा उपायों और जागरूकता पर बल दिया। पितांबर साहू ने अपने निरीक्षण अनुभव साझा किए, और अंत में किशोर कुमा
ने उपस्थित लोगों को संबोधित वि
धन्यवाद ज्ञापन एम.के. अरहा ने
उन्होंने सभी पैनल सदस्यों, कर्मचा
श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों
प्रबंधन टीम को कार्यक्रम को स
बनाने के लिए धन्यवाद दिया।
में, पोस्टर, स्लोगन, और
प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन
वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत
गया। यह कार्यक्रम खदान क्षेत्र में
को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणा
पहल साबित हुआ।